आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 21.11.2024
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- सार्वजनिक शौचालयों के रख–रखाव और स्वच्छता के लिए केंद्र द्वारा आयोजित 'क्लीन टॉयलेट चैलेंज–2023' प्रतियोगिता में उत्तराखंड, देश में तीसरे स्थान पर।
- केदारनाथ विधान सभा उपचुनाव में 57 दशमलव छह–चार प्रतिशत मतदान दर्ज, तेईस नवम्बर को होगी मतगणना।
- चमोली जिले के आयोजित गौचर मेला संपन्न।
- हॉकी में, भारत ने फाइनल मुकाबलें में चीन को हराकर महिला एशियाई चौंपियंस ट्रॉफी जीती।

**उपलब्धि**

सार्वजनिक शौचालयों के रख–रखाव और स्वच्छता के लिए केंद्र सरकार की ओर से आयोजित 'क्लीन टॉयलेट चैलेंज–2023' प्रतियोगिता में उत्तराखंड को देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। विभिन्न राज्यों से प्राप्त आवेदनों के बाद उत्तराखंड को सौ से अधिक निकायों वाले राज्यों की सूची में यह स्थान मिला है। इस सूची में गुजरात पहले और उड़ीसा दूसरे स्थान पर रहा है। सर्वे में शामिल उत्तराखंड के लगभग 40 प्रतिशत सार्वजनिक शौचालय, स्वच्छता और सुरक्षा के उच्चतम कोटि के मानकों पर खरे उतरे हैं। उत्तराखंड में ढाई हजार से अधिक सार्वजनिक शौचालय सीट हैं, जो ज्यादातर शहरी निकाय, यात्रा मार्ग, तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर मौजूद हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन, के जरिए देशवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता आई है। प्रदेश सरकार भी स्वच्छता अभियान मिशन मोड पर संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि शहरी विकास विभाग सार्वजनिक शौचालयों के रख रखाव के लिए निश्चित तौर पर प्रंशसा का पात्र है। शहरी विकास सचिव नितेश झा ने बताया कि सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता के लिए, सभी निकायों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही सार्वजनिक शौचालयों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है।

**उपचुनाव**

केदारनाथ विधान सभा उपचुनाव में कल 57 दशमलव छह–चार प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। विधानसभा क्षेत्र में कुल 90 हजार, 875 मतदाता पंजीकृत हैं। निर्वाचन के लिए मतदेय स्थलों में तैनात अधिकतर पोलिंग पार्टियां कल रात ही वापस आना शुरू हो गई थीं। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग से

मिली अनुमति के बाद सात पोलिंग पार्टियां आज सुबह दस बजे तक अगस्त्यमुनि मतगणना केंद्र में पहुंच जाएंगी।

गौरतलब है कि केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में मुकाबला छह प्रत्याशियों के बीच है, जिनका भाग्य कल ई०वी०एम में कैद हो चुका है। 23 नवम्बर को उपचुनाव में पड़े मतों की गणना की जाएगी।

**<u>राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता</u>**

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि सरकार का प्रयास है कि देश देवभूमि उत्तराखंड को खेल भूमि के नाम से भी जाने। श्रीमती आर्या हरिद्वार में राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रही थी। श्रीमती आर्या ने कहा कि पहली बार बड़े स्तर पर ग्रेपलिंग से जुड़ी प्रतियोगिता का आयोजन उत्तराखंड में किया गया, जो कि प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा अवसर है।

इस प्रतियोगिता में 22 राज्यों के ढाई हजार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में हरियाणा पहले, राजस्थान दूसरे तथा उत्तर प्रदेश की टीम तीसरे स्थान पर रही। उत्तराखंड की टीम ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 13 पदक प्राप्त किए।

**<u>संसद शीतकालीन सत्र</u>**

केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले इस महीने की 24 तारीख को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा का सुचारू कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी दलों का सहयोग मांगेगी। शीतकालीन सत्र इस महीने की 25 तारीख से आरंभ होगा और 20 दिसम्बर तक चलेगा।

**<u>बजट निर्माण</u>**

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए बजट निर्माण के लिए शासन स्तर पर अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी सचिवालय में सभी प्रशासनिक विभागों के बजट कार्य देख रहे अनुभाग अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सचिवालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सचिव, वित्त निदेशक, बजट, दिलीप जावलकर ने कहा कि बजट निदेशालय द्वारा नई मांग के अतिरिक्त अन्य बजट मांग के लिए पूरी तरह से ऑनलाईन प्रक्रिया की अपेक्षा की गई है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में निदेशक, कोषागार दिनेश चन्द्र लोहनी और डाटा सेन्टर के अधिकारियों द्वारा ऑनलाईन बजट अपलोड करने के सम्बन्ध में डेमो दिया गया।

**<u>वर्ल्ड एंटीमाइक्रोबियल अवेयरनेस वीक</u>**

वर्ल्ड एंटीमाइक्रोबियल अवेयरनेस वीक के तहत एम्स ऋषिकेश में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जनजागरुकता सप्ताह के आयोजन का उद्देश्य रोगाणुरोधी प्रतिरोध ए०एम०आर को कम करना और स्वास्थ्यकर्मियों के बीच जिम्मेदार एंटीमाइक्रोबियल प्रथाओं को बढ़ावा देना है। कार्यक्रमों के माध्यम से

विशेषज्ञों ने संक्रमण नियंत्रण और एंटीमाइक्रोबियल स्टेवार्डशिप में आंकलन, प्रशिक्षण और प्रतिबद्धता पर जोर

## गौचर मेला समापन

चमोली जिले के गौचर में आयोजित 72वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया है। समापन अवसर पर जिला खेल विभाग की ओर से फुटबॉल और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला राजपुर 11 देहरादून और खिर्सू एफसी के बीच खेला गया। इसमें पेनाल्टी शूटआउट में राजपुर 11 देहरादून ने खिर्सू एफसी को चार–तीन से हराकर फाइनल अपने नाम किया। वहीं, वॉलीबाल प्रतियोगिता का अंतिम मुकाबला देवकोट चमोली और ब्रदर्स क्लब गौचर के बीच खेला गया, जिसमें देवकोट की टीम ने खिताब अपने नाम किया।

## महिला एशियाई चौंपियंस ट्रॉफी

भारत ने तीसरी बार महिला एशियाई चौंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। बिहार के राजगीर में फाइनल मुकाबले में भारत ने वर्तमान ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को एक–शून्य से पराजित किया। दीपिका कुमारी ने तीसरे क्वाटर में पेनाल्टी कार्नर पर गोल किया।

## औचक निरीक्षण

हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने सर्दी के मौसम की सुविधाओं को जांचने के लिए रोड़ीबेलवाला क्षेत्र में गंगा किनारे बने महिला और पुरुष रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रेन बसेरा संचालकों को निर्देश दिए कि किसी भी गरीब, असहाय और बेसहारा व्यक्ति को न केवल रहने के लिए स्थान दिया जाए, बल्कि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी भी न होने दी जाए। उन्होंने महिला रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त को बसेरे की छत की सफाई कराने तथा शौचालय को भी आवश्यकतानुसार देर रात्रि तक खोलने और बन्द करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे में रुके हुए व्यक्तियों से रजाई, गद्दा, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी भी ली, जिस पर आगंतुको ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

## डीपीआर

उत्तरकाशी में गंगा और यमुना नदी को निर्मल बनाए रखने के लिए जिले में सीवेज प्रबंधन के लिए प्रस्तावित योजनाओं की विस्तृत योजना रिपोर्ट–डी०पी०आर बनाने को कहा गया है। इसके लिए

जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिला गंगा समिति की बैठक में डॉक्टर सिंह ने गंगोत्री धाम में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन में, तय मानकों का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में कूड़े के समुचित प्रबंधन और निस्तारण पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए कहा कि इस संबंध में हुई प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिले के सभी नगर निकायों को पुराने कूड़े के निस्तारण के साथ ही आवश्यक मशीनों, उपकरणों, टैंकर और वाहनों की खरीद करने के निर्देश भी दिए।

<u>उत्सव डोली रात्रि विश्राम</u>

रुद्रप्रयाग जिले में द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर की उत्सव डोली और देव निशान स्थानीय वाद्ययंत्रों ढोल–दमाऊ के साथ रात्रि विश्राम के लिए अपने प्रथम पड़ाव गोडार पहुंची। यह डोली आज राकेश्वरी मंदिर में और कल गिरिया में प्रवास करेगी। 23 नवंबर को गिरिया से चलकर भगवान मद्महेश्वर की चल–विग्रह डोली अपने देव निशानों के साथ शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में विराजमान हो जाएगी। इसी के साथ ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भगवान मद्महेश्वर की शीतकालीन पूजा शुरू हो जाएगी।

**अब एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर .......**

महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद आए एग्जिट पोल की खबर को ज्यादातर अखबारों ने प्रमुखता से स्थान दिया है। दैनिक जागरण की लिखता है– एक्जिट पोल में महाराष्ट्र झारखंड में राजग को बढत, पर असमंजस बरकरार। इसी ख़बर पर राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– एक्जिट पोल महाराष्ट्र झारखंड में भाजपा आगे। अमर उजाला ने लिखा है एक्जिट पोल में महाराष्ट्र में महायुति, झारखंड में एनडीए सरकार के आसार।

इसके अलावा केदारनाथ उपचुनाव में मतदान की खबर को सभी अखबारों ने अपने मुख्य प्रष्ठ में स्थान दिया है। अमर उजाला लिखता है– केदारनाथ उपचुनाव में 57 दशमलव छह–चार फीसदी मतदान, परिणाम 23 को, विधानसभा उपचुनाव में गिरा मतदान प्रतिशत।

पिथौरागढ में सेना भर्ती में युवाओं की बेकाबू भीड को नियंत्रित करने पर अमर उजाला का शीर्षक है– पिथौरागढ सेना भर्ती में लाठीचार्ज से भगदड, दो घायल, भर्ती स्थल पर पहुंचने की आपाधापी में टूटा सेना का गेट। वहीं हिन्दुस्तान अखबार की सुर्खियां हैं सेना भर्ती में भगदड, पिथौरागढ़ में सेना भर्ती के लिए उमड़ी युवाओं की भीड़।

राज्य में बढ रही सडक दुर्घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान को दैनिक जागरण ने मुख्य प्रष्ठ पर स्थान देकर लिखा है – उतराखंड में बढती दुर्घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने तलब की रिपोर्ट।

टीएचडीसी द्वारा देश की पहल पंप स्टोरेज प्लांट पीएसपी सफल होने पर राष्ट्रीय सहारा की ख़बर है– टीएचडीसी ने 250 मेगावाट की पहली टरबाइन को ग्रिड से जोडा। वहीं इसी पर अमर उजाला ने लिखा है– देश की पहली पीएसपी शुरु, उतराखंड को मिलेगा लाभ।